647510

**BRSHinFC101B** **Seat No :________**

**B.R.S. Semester - 1 (*CBCS*) Examination**

**Oct/Nov-2025 (New Course)**

**HINDI(FOUNDATION-2)**

**Time: 2:30 Hours** **Marks:70**

**Instructions:**

1. All questions are compulsory.
2. Figures to the right indicate marks.

---

प्रश्न- १ कहानी के उदभव- विकास पर प्रकाश डालिए । (१४)

अथवा

प्रश्न- १ 'सदगति' कहानी के कथानक को अपने शब्दों में लिखिए ।

प्रश्न- २ (अ) निम्नांकित में से किन्ही पांच कहावतों के अर्थ दीजिए । (०५)

१) आंखों का तारा ।
२) जैसी करनी वैसी भरनी ।
३) इधर कुआं उधर खाई ।
४) अधजल गगरी छलकत जाए ।
५) काला अक्षर भैंस बराबर ।
६) एक हाथ से ताली नहीं बजती ।
७) खोदा पहाड निकला चूंहा ।

प्रश्न- २ (ब) अपने छोटे भाई को आदर्श विद्यार्थी बनने के लिए पत्र लिखिए । (०४)

अथवा

'सत्यमेव जयते' उक्ति का पल्लवन कीजिए ।

प्रश्न- २ (क) निम्नांकित परिच्छेद का संक्षेपण कीजिए । (०५)

''मनुष्य उत्सव प्रिय होते हैं । उत्सवों का एकमात्र उदेश्य आनंद पाप्ति है । यह तो भी जानते हैं कि मनुष्य अपनी आवश्यकता की पूर्ति के लिए आजीवन प्रयत्न करता रहता है । आवश्यकता की पूर्ति होने पर सभी को सुख होता है । पर उस सुख और उत्सव के इस आनंद में बडा अंतर है । आवश्यकता अभाव सूचित करती है उसे यह प्रकट होता है कि हम में कैसी बात की कमी है । मनुष्य जीवन ही ऐसा है कि वह किसी भी अवस्था में यह अनुभव नहीं कर सकता कि अब उसके लिए कोई आवश्यकता नहीं रह गई है ।"

प्रश्न- ३ निम्नांकित में से किन्ही दो की संदर्भ व्याख्या कीजिए । (१४)

१) "उधर दुखी की लाश को खेंत में गीदड और गीध्ध, कुते और कौए नोच रहे थे । यही जीवन पर्यत की भक्ति, सेवा और निष्ठा का पुरस्कार था ।"
२) "बांदी- सरकार प्यारी चीज न मिलने से इंसान को उदासी आ ही जाती है, अमीर और गरीब, सभी का दिल तो दिल ही है ।"
३) "मेरे कई छोटे भाई-बहन है सो भाग आया । वहां काम नहीं रोटी नहीं । बाप भूखा रहता था और मारता था । मां भूखी सोती रहती थी और रोती थी । सो भाग आया । एक साथी और था । उसी गांव का था- मुझे बडा । दोनों साथ यहां आए । वह अब नहीं है।"
४) "बच्चे पिछले हफ़्ते लगभग फ़ाके- से थे । चौधरी कभी गली से दो पैसे की चौराई खरीद लाते, कभी बाजार उबाल सब लोग कटोरा-कटोरा भर पी लेते । बडी कठिनता से मिले चार रुपयों में से सवा रुपया खान के हाथ में धर देने की हिम्मत चौधरी को न हुई ।"

प्रश्न- ४ 'दुखवा में कासे कहूं मोरी सजनी' कहानी के आधार पर सलीमा का चरित्र चित्रण कीजिए । (१४)

अथवा

प्रश्न- ४ प्रेमचंद के जीवन कवन पर प्रकाश डालिए ।

प्रश्न- ५ 'अपना-अपना' भाग्य' कहानी के कथानक की विस्तृत चर्चा कीजिए । (१४)

अथवा

प्रश्न- ५ 'ठेंस' कहानी में व्यक्त मानवीय संवेदना पर प्रकाश डालिए ।

******************